# राजकीय महाविद्यालय, अलेवा (जींद)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

## सात दिवसीय विशेष शिविर समेकित रिपोर्ट (2025-26)

**प्रथम दिवस (22/01/2026): राजकीय महाविद्यालय अलेवा में सात-दिवसीय NSS शिविर का शानदार आगाज: युवाओं ने लिया समाज सेवा का संकल्प**

राजकीय महाविद्यालय अलेवा की एनएसएस (NSS) इकाई द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सात-दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का भव्य शुभारंभ बुधवार को ग्राम अलेवा में किया गया। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुनीश कुमार की अध्यक्षता और कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार की देखरेख में शुरू हुआ। शिविर के पहले दिन उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वागत: वर्तमान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी (PO) डॉ. मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया और सात दिनों तक चलने वाली गतिविधियों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर के दौरान स्वयंसेवक अलेवा गाँव में स्वच्छता अभियान चलाएंगे, ग्रामीणों को डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक करेंगे और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर सर्वे करेंगे। डॉ. मनोज की देख-रेख में स्वयंसेवकों के अनुशासन और कार्ययोजना की सभी ने सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. रजनीश बहल का प्रेरणादायक संबोधन: समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य एवं विख्यात शिक्षाविद् डॉ. रजनीश बहल ने शिरकत की। डॉ. बहल, जिनके पास शिक्षा और प्रशासन का 33 वर्षों का लंबा अनुभव है, ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "NSS केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक संस्कार है।" उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने कॉलेज परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

पूर्व अनुभवों का साझाकरण: इसके पश्चात, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी चाँद राम ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने अपने समय के NSS अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे एक स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और सेवा भाव से समाज को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने 'स्वयं से पहले आप' के मूल मंत्र की महता समझाई। स्वास्थ्य एवं विशेषज्ञ सत्र: शिविर के प्रथम दिन बौद्धिक सत्र के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं: HIV/AIDS जागरूकता: CHC अलेवा से आए डॉ. शंकर ने स्वयंसेवकों को एड्स के कारणों और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। नशा मुक्ति: सिविल अस्पताल जींद से डॉ. राजेंद्र ने 'ड्रग्स एब्यूज' पर विशेष लेक्चर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे युवा पीढ़ी नशे के चंगुल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है और इससे बचने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। योग एवं स्वास्थ्य: संदीप कुमार ने सुबह के सत्र में स्वयंसेवकों को योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया। वहीं, डॉ. पिंकी सैनी (AMO) ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। तरशेम ने आयुर्वेद और जड़ी-बूटियों के फायदों से अवगत कराया। खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम: दिन के उत्तरार्ध में स्वयंसेवकों के मनोरंजन और शारीरिक विकास के लिए स्पोर्ट्स एक्टिविटी आयोजित की गई। शाम के समय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और लघु नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्राचार्य डॉ. मुनीश कुमार ने पूरी टीम को बधाई देते हुए शिविर की सफलता की कामना की। यह शिविर आगामी 28 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन नए सामाजिक विषयों पर कार्य किया जाएगा।

**NSS Special Camp Activities - Photo Gallery**



















**द्वितीय दिवस (23/01/2026): राजकीय महाविद्यालय अलेवा के NSS शिविर में मनाई गई छोटूराम जयंती और बसंत पंचमी**

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में 'युवा 'मेरा भारत' और डिजिटल साक्षरता' थीम के तहत आयोजित सात दिवसीय NSS विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत उत्साहपूर्ण और अनुशासित वातावरण में हुई। दिन की गतिविधियों का विधिवत आरंभ स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से NSS लक्ष्य गीत के गायन के साथ किया गया। छोटूराम जयंती और बसंत पंचमी का पावन उत्सव: प्रातःकालीन सत्र में महाविद्यालय परिसर में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा (बसंत पंचमी) और किसान मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी (PO) डॉ. मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों को सर छोटूराम के जीवन संघर्षों और उनकी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सर छोटूराम ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। स्वयंसेवकों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर निस्वार्थ सेवा का संकल्प लिया। सड़क सुरक्षा जागरूकता और गांव में रैली: दोपहर के सत्र में 'सड़क सुरक्षा' विषय पर रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग के माध्यम से यातायात नियमों को चार्ट्स पर प्रदर्शित किया। इसके उपरांत, अलेवा गांव में एक जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने नारों और पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। नियमों का पालन और सांस्कृतिक संध्या: शिविर के दौरान 'प्लास्टिक मुक्त परिसर' और पूर्ण अनुशासन का पालन सुनिश्चित किया गया। शाम के समय स्वयंसेवकों ने अगले दिन की गतिविधियों की योजना बनाई और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया। शिविर की समस्त गतिविधियों का संचालन प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में सुचारू रूप से किया जा रहा है।

**NSS Special Camp Activities - Photo Gallery**










**तृतीय दिवस (24/01/2026): NSS शिविर में ज्ञान का संगम; विशेषज्ञों ने सिखाए जीवन प्रबंधन और सुरक्षा के गुर**

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्य के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार के कुशल नेतृत्व में आयोजित सात-दिवसीय NSS विशेष शिविर का तीसरा दिन स्वयंसेवकों के लिए बौद्धिक और सामाजिक जागृति का केंद्र रहा। शिविर की मुख्य थीम "युवा 'मेरा भारत' (MY Bharat) और डिजिटल साक्षरता" को केंद्र में रखते हुए आज तीन महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास (श्री नरेश जागलान, मनोवैज्ञानिक) दिन के प्रथम सत्र में सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक श्री नरेश जागलान ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डाला: तनाव प्रबंधन: जागलान जी ने बताया कि युवावस्था में करियर का दबाव स्वाभाविक है, लेकिन इसे संतुलित सोच और मानसिक अभ्यास के जरिए सकारात्मक ऊर्जा में बदला जा सकता है। आत्मविश्वास का निर्माण: उन्होंने स्वयंसेवकों को अपनी अंतर्निहित शक्तियों को पहचानने और सार्वजनिक मंचों पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। डिजिटल वेलनेस: युवाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया की लत से बचकर अपनी एकाग्रता को पढ़ाई और रचनात्मक कार्यों में लगाने हेतु प्रेरित किया। साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता (डॉ. राहुल हुड्डा) द्वितीय सत्र में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के डॉ. राहुल हुड्डा ने 'साइबर सुरक्षा' विषय पर तकनीकी और जीवनोपयोगी जानकारी साझा की: डिजिटल सुरक्षा: उन्होंने आज के दौर में बढ़ते साइबर खतरों जैसे फिशिंग, डेटा चोरी और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के प्रति स्वयंसेवकों को सतर्क किया। सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार: डॉ. राहुल ने मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक्स से बचने और सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। जागरूकता दूत: उन्होंने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे समाज में 'डिजिटल साक्षरता' के दूत बनें और दूसरों को भी साइबर ठगी से बचाएं। स्टार्टअप आइडियाज और स्वावलंबन (डॉ. वैशाली हुड्डा) तृतीय बौद्धिक सत्र में वाणिज्य विभाग की डॉ. वैशाली हुड्डा ने 'Startup Ideas' पर व्याख्यान देकर युवाओं में उद्यमिता की अलख जगाई: नवाचार और स्वरोजगार: डॉ. वैशाली ने स्वयंसेवकों को 'जॉब सीकर' के बजाय 'जॉब क्रिएटर' बनने का संदेश दिया और स्वावलंबन के महत्व को समझाया। स्टार्टअप के अवसर: उन्होंने छोटे स्तर से व्यवसाय शुरू करने के नवीन विचारों

और उन्हें हकीकत में बदलने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। सरकारी प्रोत्साहन: उन्होंने युवाओं को स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और वित्तीय सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सामाजिक सरोकार: नशा मुक्ति जागरूकता रैली बौद्धिक सत्रों के उपरांत, शिविर की गतिविधियों का विस्तार समाज के बीच हुआ। स्वयंसेवकों ने 'नशा मुक्ति' (Drug Abuse) विषय पर अत्यंत आकर्षक पोस्टर और प्रभावशाली स्लोगन तैयार किए। इसके पश्चात, महाविद्यालय परिसर से अलेवा गांव तक एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने जोशीले नारों और पोस्टरों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के जानलेवा दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया और एक स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने इस दिन को शिविर की एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि आज के इन तीनों सत्रों ने स्वयंसेवकों को न केवल शिक्षित किया है, बल्कि उन्हें एक जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी किया है।

**NSS Special Camp Activities - Photo Gallery**











**चतुर्थ दिवस (25/01/2026): राजकीय महाविद्यालय अलेवा के NSS स्वयंसेवकों ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पर जगाई अलख; पुलिस स्टेशन में चलाया सफाई अभियान**

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्य के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में चल रहे सात-दिवसीय NSS विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी के संगम के रूप में हुआ। आज का दिन 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे महत्वपूर्ण अभियानों को समर्पित रहा। दिन की शुरुआत और निबंध लेखन प्रतियोगिता: शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा 'NSS लक्ष्य गीत' के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके पश्चात, 'मेरा युवा भारत' (MY Bharat) पोर्टल के साथ मिलकर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर एक जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी लेखनी के माध्यम से बेटियों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में अंजलि देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नरवीर द्वितीय स्थान पर रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बौद्धिक सत्र एवं प्रतियोगिताएं: बौद्धिक सत्र के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

उन्होंने लोकतंत्र में एक-एक वोट की शक्ति और युवाओं की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। इसके उपरांत, स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता को केंद्र में रखते हुए रंगोली, स्लोगन लेखन और भाषण प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने नारों के माध्यम से संदेश दिया कि "सत्य और निष्पक्ष मतदान, लोकतंत्र की है असली पहचान।" जागरूकता रैली और पुलिस स्टेशन का दौरा: दोपहर के पूर्वार्द्ध में अलेवा गांव की गलियों में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को बिना किसी लालच के मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। दोपहर के सत्र में, स्वयंसेवकों ने अलेवा पुलिस स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण (Visit) किया। इस दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने के साथ-साथ, स्वयंसेवकों ने वहां एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया और पुलिस स्टेशन परिसर की सफाई कर 'स्वच्छ भारत' का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम और समापन: शाम के समय एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने लोकगीत, नृत्य और नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। अंत में, कार्यक्रम अधिकारी ने दिन भर की गतिविधियों की समीक्षा की और सभी स्वयंसेवकों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए दिन का समापन किया।

**NSS Special Camp Activities - Photo Gallery**













**NSS Special Camp Activities - Photo Gallery**


राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
Theme :- Youth For My Bharat & Digital Literacy


राष्ट्रीय सेवा योजना
Theme :- Youth For My Bharat & Digital Literacy


राजकीय महाविद्यालय, अलेवा
राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
Theme :- Youth For My Bharat & Digital Literacy


करे राष्ट्र का जो
उत्थान,
करे उसी को
मतदान


राजकीय महाविद्यालय, अलेवा
राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
GPS Map Camera
Alewa, Haryana, India
Ff87+38, Alewa, Haryana 126111, India
Lat 29.465706° Long 76.462012°
Sunday, 25/01/2026 01:02 PM GMT +05:30
Google


राजकीय महाविद्यालय, अलेवा
राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
GPS Map Camera
Alewa, Haryana, India
Ff87+38, Alewa, Haryana 126111, India
Lat 29.465706° Long 76.461995°
Sunday, 25/01/2026 01:02 PM GMT +05:30
Google







**पंचम दिवस (26/01/2026): NSS शिविर में गणतंत्र दिवस की धूम: तिरंगा फहराया और निकाली जागरूकता रैली**

राजकीय महाविद्यालय, अलेवा में चल रहे एनएसएस (NSS) के सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिन का आयोजन बेहद उत्साहपूर्ण और देशभक्ति से लबरेज रहा। शिविर की शुरुआत NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज रेढू के मार्गदर्शन में 'लक्ष्य गीत' के साथ हुई, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने समाज सेवा का संकल्प लिया। गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन शिविर के पाँचवें दिन का मुख्य आकर्षण गणतंत्र दिवस समारोह रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुनीश कुमार ने डॉ. मनोज रेढू व समस्त स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर लोक प्रशासन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनेत रानी ने भारतीय संविधान के महत्व पर विशेष व्याख्यान दिया और विद्यार्थियों को मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। यूनिवर्सिटी कोऑर्डिनेटर ने थपथपाई पीठ शिविर के दौरान चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (CRSU) के एनएसएस समन्वयक डॉ. नवीन लाडवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने डॉ. मनोज रेढू के कुशल नेतृत्व और स्वयंसेवकों के जज्बे की सराहना की। डॉ. लाडवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि NSS का उद्देश्य केवल कैंप तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की निरंतर सेवा करना है। रचनात्मक प्रतियोगिताएं और जागरूकता रैली दोपहर के सत्र में डॉ. मनोज रेढू की देखरेख में स्वयंसेवकों ने स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी रचनात्मकता दिखाई। इसके बाद, स्वयंसेवकों ने हाथों में तिरंगे लेकर एक भव्य जागरूकता रैली निकाली, जिससे पूरे क्षेत्र में देशभक्ति की लहर दौड़ गई। पुलिस प्रशासन के साथ मनाया उत्सव शिविर का समापन अलेवा पुलिस स्टेशन में पुलिस कर्मियों के साथ गणतंत्र दिवस की खुशियां साझा करके किया गया। स्वयंसेवकों ने पुलिस के साथ मिलकर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. मुनीश कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज रेढू ने संयुक्त रूप से सभी स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## NSS Special Camp Activities - Photo Gallery












**षष्ठम दिवस (27/01/2026): वैचारिक क्रांति एवं करियर**

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में चल रहे सात-दिवसीय NSS विशेष शिविर का छठा दिन वैचारिक क्रांति और युवा ऊर्जा का गवाह बना। आज के बौद्धिक सत्रों में राष्ट्रवाद, मानसिक शक्ति और करियर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई।

दिन का शुभारंभ: शिविर के छठे दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से 'NSS लक्ष्य गीत' के गायन से हुई। इस ऊर्जावान शुरुआत ने पूरे वातावरण को सेवा भाव और अनुशासन से सराबोर कर दिया।

बौद्धिक सत्र: राष्ट्रवाद और स्वदेशी संकल्प (मुख्य अतिथि: डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता) आज के सत्र के मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता रहे।

'भारत को जानो' के संदेशवाहक: प्रसिद्ध पुस्तक 'भारत को जानो' के सह-लेखक (Co-author) डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने स्वयंसेवकों को भारत की गौरवशाली विरासत और महान इतिहास से रूबरू करवाया।

राष्ट्रवाद का उद्घोष: उन्होंने अपने ओजस्वी विचारों से युवाओं में देशभक्ति का जज्बा भरा और बताया कि राष्ट्र निर्माण में एक स्वयंसेवक की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

स्वदेशी का संकल्प: प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और स्थानीय संसाधनों की महत्ता पर बल दिया।

विशेष सत्र: करियर और मोटिवेशन (वक्ता: श्री दीपक) राजकीय महाविद्यालय जुलाना के सहायक प्रोफेसर श्री दीपक ने 'प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी' विषय पर एक अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।

अद्भुत मोटिवेशन: श्री दीपक जी ने अपने ओजस्वी संबोधन से स्वयंसेवकों को जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित

करने के लिए प्रेरित किया। उनके शब्दों ने विद्यार्थियों के भीतर छिपे आत्मविश्वास को जगाने का काम किया।

अनुभवों का पिटारा: स्वयं UPSC और HCS की मुख्य परीक्षा तक का सफर तय करने वाले श्री दीपक ने अपनी यात्रा के संघर्ष और सफलता के अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि 'हार' केवल एक सबक है, मंजिल नहीं।

सफलता की रणनीति: उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समय प्रबंधन, एकाग्रता और निरंतरता को सफलता की असली कुंजी बताया। उनके व्याख्यान ने स्वयंसेवकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार कर दिया।

स्वास्थ्य एवं अनुशासन (वक्ता: डॉ. सतीश मलिक): शारीरिक शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सतीश मलिक ने 'शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य' पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक बुलंद इरादा और मजबूत स्वास्थ्य ही इंसान को महान बनाता है। उन्होंने युवाओं को अनुशासन और खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी।

शारीरिक दक्षता एवं खेलकूद गतिविधियाँ: दोपहर के सत्र में स्वयंसेवकों के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं (Sports Activities) का आयोजन किया गया। रस्साकशी, कबड्डी और दौड़ जैसी स्पर्धाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अपनी शारीरिक क्षमता और टीम भावना का शानदार परिचय दिया।

सांस्कृतिक संध्या: दिन का समापन एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने लोकगीतों और नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के प्रेरणादायक सत्रों ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

### NSS Special Camp Activities - Photo Gallery










**सप्तम दिवस (28/01/2026): समापन समारोह**

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का अंतिम दिन बेहद शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया: आचार्य दलबीर लोहान (वेद और योग): आचार्य दलबीर लोहान ने अपने व्याख्यान में भारतीय संस्कृति की जड़ों की ओर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि वे जीवन जीने का विज्ञान हैं। योग पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन और आत्मा को जोड़ने का साधन है। उन्होंने स्वयंसेवकों को कुछ प्राणायाम और ध्यान की विधियाँ भी सिखाईं और बताया कि कैसे छात्र जीवन में योग के जरिए एकाग्रता (Concentration) बढ़ाई जा सकती है। डॉ. प्रदीप (बुजुर्गों की सेवा और सम्मान): डॉ. प्रदीप ने एक भावुक और संवेदनशील विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिस घर में बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता, वह घर अपनी जड़ों से कट जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय अपने दादा-दादी और समाज के वृद्धों के साथ बिताएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुजुर्गों को केवल आर्थिक सहायता की नहीं, बल्कि अपनों के साथ और सम्मान की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। डॉ. सोनू (स्वच्छ भारत अभियान): डॉ. सोनू ने स्वच्छता को राष्ट्रभक्ति से जोड़ते हुए अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत' केवल सरकार का अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए "कचरा प्रबंधन" (Waste Management) और प्लास्टिक के कम उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवक कैसे गांव-गांव जाकर लोगों को बीमारी मुक्त वातावरण के लिए प्रेरित कर सकते हैं। डॉ. अमरदीप पुनिया (कम्युनिकेशन स्किल का महत्व): डॉ. अमरदीप पुनिया ने छात्रों के करियर और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि आपके पास कितना भी ज्ञान क्यों न हो, यदि आप उसे सही तरीके से व्यक्त नहीं कर पाते, तो वह अधूरा है। उन्होंने 'बॉडी लैंग्वेज', 'आई कॉन्टैक्ट' और 'सॉफ्ट स्किल्स' के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि एक अच्छा वक्ता बनने से पहले एक अच्छा श्रोता (Listener) बनना जरूरी है, ताकि संवाद प्रभावी हो सके। समापन और पुरस्कार वितरण: दोपहर बाद के सत्र में मुख्य अतिथि प्राचार्य मुनीश कुमार ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों के सात दिनों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ही विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना पैदा होती है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र और विशेष उपलब्धि हासिल करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे शिविर का सफल संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ गरिमापूर्ण तरीके से किया गया।

**NSS Special Camp Activities - Photo Gallery**













**NSS Special Camp Activities - Photo Gallery**


















दैनिक भास्कर जींद भास्कर 29-01-2026

## स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अलेवा|** राजकीय कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर का बुधवार को समापन हो गया है। शिविर के अंतिम दिन विभिन्न सामाजिक व बौद्धिक विषयों पर आचार्य दलबीर लोहान ने व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को वेदों के ज्ञान व योग की शक्ति से परिचित कराया।

डॉ. प्रदीप ने बुजुर्गों की सेवा व सम्मान पर जोर देते हुए युवाओं को अपने घर व समाज के बड़ों के प्रति संवेदनशील रहने की प्रेरणा दी। डॉ. अमरदीप ने कम्युनिकेशन स्किल्स के महत्व को रेखांकित किया, जो युवाओं के करियर विकास के लिए अनिवार्य है। स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मुनीष कुमार ने कहा कि यह शिविर केवल सात दिन की गतिविधि नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण की एक प्रक्रिया है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने की।

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 26-01-2026

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंजलि ने हासिल किया प्रथम स्थान



राजकीय कॉलेज के स्वयंसेवक जागरूकता रैली निकालते हुए।

**अलेवा |** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के चौथे दिन रविवार को सामाजिक सरोकार और राष्ट्रभक्ति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, सेवा और जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश की। शिविर के दौरान मेरा युवा भारत पोर्टल के तत्वावधान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने समाज में बेटियों की भूमिका और उनके महत्व को सशक्त शब्दों में प्रस्तुत किया। इसमें अंजलि ने प्रथम और नरवीर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि युवा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने मतदान के अधिकार, उसकी निष्पक्षता और लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग और रंगोली के माध्यम से लोकतंत्र के महत्व को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इसके बाद अलेवा गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। साथ ही पुलिस थाना परिसर में श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने की।

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 25-01-2026

# मनो वैज्ञानिक ने स्वयंसेवकों को तनाव से निपटने के तरीके बताए

## राजकीय कॉलेज के स्वयंसेवकों ने यातयात जागरूकता रैली निकाली

भास्कर न्यूज़ | अलेवा

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन शनिवार के कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस अधिकारी प्रो मनोज कुमार ने की। इसमें मुख्य तौर पर मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत के गायन के साथ दिन की गतिविधियों का आगाज किया। मनो वैज्ञानिक विद्यार्थियों को तनाव से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने स्वयंसेवकों को आत्म विश्वास बनाए रखने व चुनौतीपूर्ण समय में भी सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया। व्यक्तिगत विकास सत्र के दौरान उन्होंने व्यक्तित्व को निखारने व नेतृत्व क्षमता विक सित करने के गुर साझा किए।



अलेवा. राजकीय महाविद्यालय अलेवा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य।

शिविर में युवा मेरा भारत व डिजिटल साक्षरता की मुख्य थीम पर आधारित इस बौद्धिक सत्र में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने स्वयंसेवकों का मार्ग दर्शन किया। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से यातायात नियमों के पालन का संदेश देने के लिए गांव में एक जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टियां और पोस्टर लेकर ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया।

# समाज के दबे-कुचले वर्गो एवं किसानों के सच्चे हितैषी रहे सर छोटूराम : डॉ. मनोज

अलेवा, 23 जनवरी (सतीश): कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर अंतर्गत शुक्रवार को बसंत पंचमी और दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।



प्रतियोगिता में मौजूद एन.एस.एस. प्रतिभागी छात्राएं। (सतीश)

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने सर छोटूराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने समाज के दबे-कुचले वर्गों और किसानों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। इस दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर स्वयंसेवकों ने स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और यातायात के नियमों की पालना करने का संकल्प लिया।

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 24-01-2026

# एनएसएस शिविर में चौधरी छोटूराम को किया नमन

अलेवा| राजकीय महाविद्यालय में जारी सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन शुक्रवार को स्वयंसेवकों ने राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का संकल्प लिया। शिविर का प्रारंभ लक्ष्य गीत और महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। वसंत पंचमी व चौधरी छोटूराम जयंती पर विशेष व्याख्यान शिविर आयोजित किया गया। प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि चौधरी छोटूराम ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों और समाज के उपेक्षित वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। विद्यार्थियों ने उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का प्रण लिया। सड़क सुरक्षा के लिए पोस्टर मेकिंग और जन-जागरूकता रैली सड़क सुरक्षा के प्रति समाज को सचेत करने के लिए स्वयंसेवकों के मध्य स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इसके बाद अलेवा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने जोशपूर्ण नारों और पट्टिकाओं के माध्यम से ग्रामीणों को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग सहित यातायात नियमों के अनुपालन का आह्वान किया।

**डॉ. मनोज कुमार**
प्रोग्राम ऑफिसर (NSS)

**प्राचार्य**
राजकीय महाविद्यालय, अलेवा